तापमान

अधिकतम 40 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री


हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 जून 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 वन विभाग के जवाब से असंतुष्ट 6 पंचायतों के ...



14 ई-केवाईसी अभियान से महतारी वंदन योजना होगी...






छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा, इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793,9340311314
9303893829,9300850065
अंतिम तिथि-15/06/26


# वन विभाग ने सागौन की तस्करी पकड़ी : डबरी, नदी में छिपाया स्लीपर

## एक आरोपी गिरफ्तार, फरार सात लोगों की तलाश जारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कार्रवाई के डर से सागौन तस्करों ने डबरी, नदी किनारे और गड्ढा खोदकर सागौन लकड़ी के स्लीपरों को छिपा दिया था। टाइगर रिजर्व की टीम ने दबिश देकर लकड़ी को जब्त कर लिया है। इस मामले में एक आरोपी पहले से गिरफ्तार हो चुका है। सात आरोपी फरार चल रहे हैं, जिनकी खोजबीन की जा रही है।

गरियाबंद पुलिस से वन विभाग को जानकारी मिली थी कि परिक्षेत्र दक्षिण उदंती के कोर एरिया ग्राम साहेबिन कछार में अवैध रूप से सागौन स्लीपर का भंडारण किया गया है। जानकारी मिलने के बाद 5 जून को वन विभाग की टीम ने साहेबिन कछार में विद्याधर पिता सागरदास के घर और बाड़ी की तलाशी ली। बड़ी मात्रा में सागौन स्लीपर मिले थे। अपराध दर्ज कर न्यायालयीन कार्रवाई की गई। इसके बाद 9 जून को टीम ने सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक और सहायक संचालक उदंती मैनपुर के निर्देश पर दक्षिण उदंती, उत्तर उदंती, इंदागांव, कुल्हाड़ीघाट, अरसीकन्हार और साहेबिनकछार में संदिग्ध व्यक्तियों के घर दबिश दी। चिमन पिता जयराम नागेश, हरि पिता मंगलराम, पुस्तम पिता गाड़ाराय, उपेंद्र पिता नारायण, रेखलाल पिता मोतीराम, सुमेर सिन्ह पिता पूरन और जुगराज नागेश पिता मायराम के नाम ▸▸ शेष पेज 13 पर


## खबर संक्षेप

### सेलून संगठन की बैठक आज

**धमतरी।** सेलून संगठन की बैठक 11 जून गुरुवार को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक चंदापारी सेन भवन आमातालाब रोड रामनगर धमतरी में रखी गई है। सेलून एसोसिएशन की मजबूती व सेलून रेट पर चर्चा होगी। यह जानकारी सेलून संघ प्रमुख आनंद शांडिल्य ने दी है।

### जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर 14 को

**धमतरी।** रक्तदाता दिवस 14 जून के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी धमतरी व



इंडियान रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा धमतरी द्वारा रविवार को जिला अस्पताल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। रेडक्रास सोसायटी ने लोगों से रक्तदान करने व अपने परिवारजनों तथा साथियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने की अपील की है।

### संशोधित मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर अपलोड

**धमतरी।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु बीते 10 मई को आयोजित प्राक्चयन परीक्षा की संशोधित मॉडल उत्तर पुस्तिका प्रकाशित की गई थी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि 20 मई को मॉडल उत्तर जारी कर दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 मई निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि तक प्राप्त दावा-आपत्तियों के आधार पर प्राक्चयन परीक्षा का संशोधित मॉडल उत्तर विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। संबंधित विद्यार्थी विभागीय साइट पर मॉडल उत्तर का अवलोकन कर सकते हैं।

### पांच लोगों ने मिलकर की युवक से मारपीट

**धमतरी।** एक ही परिवार के पांच लोगों ने युवक से मारपीट कर उन्हें चोट पहुंचाई है। पुलिस के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा बी निवासी गुलशन सिन्हा उम्र 28 वर्ष के पिता होमेश्वर सिन्हा एवं गांव के नरसिंह साहू के बीच 15 दिन पहले धान खरीदी बिक्री को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद नरसिंग साहू के पुत्र धनंजय साहू, परमेश्वर साहू, भतीजा देवा साहू, भाई अशोक साहू व बहू रोमिन साहू बीते दिनों हुए विवाद को लेकर गुलशन के घर के पास आकर अश्लील गाली गलौज कर रहे थे। गुलशन ने घर से बाहर निकल गाली-गलौज करने से मना किया। जिस पर पांचों ने एकराय होकर जान से मारने की धमकी देते हुए गुलशन के साथ मारपीट की। इस घटना में गुलशन की आंख, गला व पीठ में चोट आई है। पीड़ित की शिकायत पर भखारा पुलिस ने आरोपी धनंजय साहू, परमेश्वर साहू, देवा साहू, अशोक साहू व रोमिन साहू के खिलाफ धारा 115/2, 191/2, 296, 351/2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## बारिश से पहले वन विभाग की प्लानिंग तैयार, क्षेत्र में बिखरेगी हरियाली

# शहर के आसपास माइक्रो फारेस्ट किसानों के खेतों में भी प्लांटेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जंगल से लेकर खेत खलिहान इस बार हरियाली से लहलहाएंगे। इसके लिए वन विभाग की भरपूर तैयारी चल रही है। कैम्पा योजना के तहत जंगल में 50 हेक्टेयर में 50 हजार पौधे रोपे जाएंगे। वही किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत साढ़े सात लाख पौधे किसानों को बांटने का प्लान है।

बारिश में हर साल लाखों पौधे रोपे जाते हैं, लेकिन सुरक्षा और देखभाल के अभाव में ये पौधे नहीं बच पाते हैं लेकिन इस बार किसान मित्र योजना के तहत सावधानीपूर्वक किसानों को पौधों का वितरण किया जाएगा। वन मंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि किसानों की मांग के अनुसार उन्हें भरपूर पौधे दिए जाएंगे, लेकिन यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि किसान पौधों की देखरेख, सिंचाई, सुरक्षा के इंतजाम करे।

इसके अतिरिक्त जंगल में रोपने के लिए कैम्पा के तहत 50 हजार पौधे तैयार किए जा रहे हैं। जंगल में 50 हेक्टेयर में पौधे रोपे जाएंगे।

### किसानों की सूची तैयार

किसान वृक्ष मित्र योजना पिछले चार साल से संचालित है। पहले यह मुख्यमंत्री वन संपदा योजना के नाम से संचालित थी। इस योजना के तहत किसानों को उन्नत किस्म के पौधों का वितरण किया जाता है। वे अपनी खाली जमीन में इन पौधों का रोपण करते हैं। किसानों की डिमांड के अनुसार लिस्ट तैयार की जा रही है। इस योजना के तहत टिशू कल्चर वाले पौधे बाहर से मंगाए जाएंगे। किसान खेत, भाठा, मेड़ या अन्य जगहों पर इन पौधों को लगा सकते हैं।



### इन विकासखंडों में विभाग का फोकस

नगरी और मगरलोड क्षेत्र में पर्याप्त जंगल हैं, लेकिन कुरूद और धमतरी ब्लाक में जंगल काफी कम हैं। वन मंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव ने बताया कि इन क्षेत्रों में उच्च घनत्व के माइक्रो फारेस्ट विकसित करने की योजना है। इस तकनीक से रूद्री पुलिस लाइन के पास पहले ही माइक्रो फारेस्ट डेवलप किया जा चुका है। अर्जुनी तालाब के पास प्लानिंग की जा रही है।

### पंचायतों से आ रही डिमांड

वन विभाग द्वारा हर साल भरपूर संख्या में पौधे बांटे जाते हैं। इस साल भी कैम्पा, मनरेगा के तहत लाखों पौधों की नर्सरी तैयार की जा रही है। बिरगुड़ी वन परिक्षेत्र के कोलियारी नर्सरी सहित अन्य नर्सरी में 3 लाख से ज्यादा पौधे तैयार किए जा चुके हैं। और पौधे तैयार किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायतों से भी डिमांड आनी शुरू हो गई है। सिलौटी और डूमरपाली ग्राम पंचायत से पौधों की डिमांड आई है। हर साल स्कूल शिक्षा विभाग से भी डिमांड आती है जिसे देखते हुए एक लाख अतिरिक्त पौधे तैयार किए जा रहे हैं।

# बड़ी लाइन पर आई मालगाड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बुधवार को अचानक बड़ी रेललाइन में मालवाहक ट्रेन देखकर लोग उत्साहित हुए। इस रेल के माध्यम से रेलवे लाइन के लिए सामग्री लाई गई थी। इस बहाने रेललाइन का अघोषित रूप से ट्रायल भी हो गया।

धमतरी में बड़ी रेललाइन का काम जोरों पर है। रायपुर से धमतरी सिहावा चौक तक पटरी बिछ चुकी है। ब्राडगेज परियोजना अब अंतिम चरण में है। अब तक रेललाइन में 2 ट्रैक बिछाया जा चुका है। तीसरा ट्रैक बिछाने की तैयारी चल रही है। इसी के चलते बड़ी मात्रा में निर्माण सामग्री की जरूरत पड़ रही है। बुधवार को रेलवे ट्रैक पर मालवाहक ट्रेन दौड़ती दिखाई दी। यह डीजल इंजन थी, जिसमें निर्माण सामग्री भरकर धमतरी लाया गया था। यह ट्रेन जैसे ही धमतरी पहुंची, लोग उत्साहपूर्वक ट्रेन को देखने लगे। उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त तक धमतरी में बड़ी रेललाइन चालू होने की उम्मीद है। 15-20 दिन में इसका ट्रायल भी किया जाएगा। कुरूद तक पहले ही ट्रायल कम्पलीट हो चुका है।

## लगातार हो रही कार्रवाई से नशा तस्करों एवं अवैध कारोबारियों में हड़कंप

# मादक पदार्थ के कारोबार में नगर सैनिक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

जिले में नशा तस्करों, उनके सहयोगियों एवं इस अवैध नेटवर्क से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कठोर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना मगरलोड में 14 अप्रैल 2026 को धारा 20 (बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध प्रकरण में पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में पूर्व में 1.660 किलोग्राम अवैध गांजा एवं अन्य सामग्री सहित दो आरोपी पति पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा दिया गया था।

इस प्रकरण की गहन विवेचना, तकनीकी विश्लेषण, मुखबिर से प्राप्त सूचनाओं एवं संकलित साक्ष्यों के परीक्षण के दौरान मामले में एक और आरोपी नगर सैनिक की संलिप्तता उजागर हुई। आरोपी महेश सिन्हा पिता स्व. रिकीराम सिन्हा उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम पहंदा थाना मगरलोड जिला धमतरी (छग) जो नगर सैनिक के रूप में कार्यरत है, उक्त अवैध गांजा कारोबार से जुड़ा हुआ था तथा प्रकरण में उसकी सक्रिय भूमिका रही है। आरोपी की लगातार निगरानी के पश्चात थाना मगरलोड पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जिसमें प्रकरण से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।



उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल को मगरलोड पुलिस ने ग्राम मोहेरा में कार्रवाई करते हुए 1.660 किलोग्राम अवैध गांजा, नगद राशि एवं मोबाइल फोन सहित कुल 89,930 रुपये की संपत्ति जब्त कर दो आरोपी पति पत्नी लाभाराम कुर्रे पिता अघनुराम कुर्रे उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम मोहेरा एवं सुशीला बाई कुर्रे पिता लाभाराम कुर्रे उम्र 51 वर्ष, निवासी ग्राम मोहेरा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। लगातार हो रही कार्रवाई से नशा तस्करों एवं अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

### पॉलीटेक्निक प्रवेश काउंसलिंग 11 जून से

**धमतरी।** तकनीकी शिक्षा संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पॉलीटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया 11 जून से प्रारंभ की जा रही है। इसके अंतर्गत भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक धमतरी तथा शासकीय पॉलीटेक्निक कुरूद में विभिन्न इंजीनियरिंग एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीटें उपलब्ध हैं। प्राचार्य अमित मिश्रा ने बताया कि वर्ष 1962 से संचालित भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक धमतरी तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाए हुए हैं। संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाता है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में संस्थान के लगभग 70 विद्यार्थियों को विभिन्न प्लेसमेंट कैम्पों के माध्यम से रोजगार प्राप्त हुआ।

## सुरक्षा के साए में आरटीआई कार्यकर्ता ने रखी अपनी बात

# शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा में पांच और की जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा के पांच आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने खारिज कर दी है। जमानत अर्जी खारिज होते ही आरोपी एक बार फिर भूमिगत हो गए हैं। इसके साथ ही उनकी गिरफ्तारी की संभावना भी बढ़ गई है।

मगरलोड क्षेत्र में वर्ष 2007 में हुई शिक्षाकर्मी भर्ती में जमकर फर्जीवाड़ा हुआ है। इस मामले में मगरलोड थाने में रिपोर्ट पंजीबद्ध है। इसकी जांच जिला पुलिस धमतरी की एसआईटी टीम जांच कर रही है। इस मामले के शिकायतकर्ता आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णकुमार साहू ने बताया कि यह मामला 19 वर्ष से जांच में लंबित हैं। करीब 105 नामजद आरोपी हैं। भर्ती हेतु गठित चयन कमेटी के तत्कालीन सदस्य



कृष्णकुमार साहू

भरतलाल साहू तथा संतोषी साहू का निधन हो चुका है। इसी प्रकार आरोपित शिक्षाकर्मी पुष्पजीत साहू, तारेन्द्र कुमार ध्रुव, कृष्ण कुमार साहू, छम्मन लाल साहू, गजेन्द्र घृतलहरे, देवचरण बघेल, अंजनी यदु, ऐमन ध्रुव, देवेन्द्र कुमार, महेश कुमार साहू, दिलीप कुमार साहू एवं अनीता पटेल, महेन्द्र साहू, राजू सहित 17 आरोपी का निधन हो चुका है। तत्कालीन चयन कमेटी के सदस्य श्याम साहू जनपद अध्यक्ष, नीलकंठ सिन्हा, शत्रुहन साहू एवं नारायण ध्रुव, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नम्मूराम साहू, पंचायत निरीक्षक बुधराम निषाद, महिला बाल विकास अधिकारी एसके सोनी सहित लगभग 24 से अधिक शिक्षाकर्मी उच्च न्यायालय बिलासपुर से अग्रिम जमानत पर हैं। जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी की अदालत में 10 जून को आरोपित शिक्षाकर्मी रमाकांत मरकाम, होरीलाल साहू, योगेन्द्र कुमार, नोमेश्वर कुमार निर्मलकर व एवन साहू की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। कृष्णकुमार साहू ने सशत्र पुलिस बल के साथ न्यायालय में उपस्थित होकर शिक्षाकर्मियों को अग्रिम जमानत देने पर आपत्ति जताई। अभियोजन अधिवक्ता मनोहरलाल जलक्षत्रीय ने शासन का पक्ष रखते हुए जमानत देने पर आपत्ति दर्ज की। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने जमानत दिए जाने हेतु अपना पक्ष रखा। दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायाधीश राम कुमार तिवारी ने पांचों आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी।

## अमेरिका-ईरान जंग का असर, पंपों पर लगी ग्राहकों की लंबी कतारें

# जिले में गहराया पेट्रोल-डीजल ईंधन का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका-ईरान तनाव के असर के बीच अब धमतरी जिले में भी पेट्रोल-डीजल संकट गहराने लगा है। बुधवार को शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों में ड्राई जैसी स्थिति रही, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई पंपों पर लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं, लेकिन इसके बाद भी लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल नहीं मिल सका।

पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि कंपनियों से मांग के अनुसार सप्लाई नहीं मिल रही है और टैंकर देरी से पहुंच रहे हैं। इससे आम नागरिकों के साथ किसान, ट्रांसपोर्टर और ▸▸ शेष पेज 13 पर





### व्यापार हो रहा प्रभावित

पेट्रोल डीजल आसानी से नहीं मिल रहा है जिसके कारण ट्रेवल्स का कारोबार बैठ गया है। दूसरी ओर व्यापारियों ने भी महंगाई और ईंधन संकट से बाजार प्रभावित होने की बात कही है।

### कई पेट्रोल पंपों में ड्राई जैसी स्थिति

बुधवार को धमतरी के अधिकांश पेट्रोल पंपों में ईंधन की कमी साफ दिखाई दी। रत्नाबांधा क्षेत्र, नेशनल हाइवे और रूद्री रोड स्थित पेट्रोल पंपों में भारी भीड़ उमड़ी रही। कई जगहों पर सीमित मात्रा में ही पेट्रोल-डीजल दिया गया। घड़ी चौक स्थित नंदा पेट्रोल पंप में वितरण भी प्रभावित रहा। सेहराडबरी स्थित बालाजी एचपी पेट्रोल पंप के संचालक टीडी सिन्हा ने बताया कि कंपनियां पहले की तुलना में कम सप्लाई भेज रही हैं और टैंकर 4 से 5 दिन की देरी से पहुंच रहे हैं। दंतेश्वरी पेट्रोल पंप संचालक ने भी सप्लाई बाधित होने की पुष्टि की।

### आम नागरिक और किसान सबसे ज्यादा प्रभावित

ईंधन संकट का असर अब सीधे आम लोगों और किसानों पर पड़ने लगा है। कई पंपों में घंटों लाइन लगाने के बाद भी पर्याप्त पेट्रोल नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने कहा कि खेती-किसानी का समय नजदीक है, लेकिन डीजल की कमी से ट्रैक्टर और पंप चलाना मुश्किल हो सकता है। किसानों ने प्रशासन से कृषि उपयोग के लिए अलग व्यवस्था करने की मांग की है।

### कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

पूर्व विधायक एवं किसान नेता लेखराम साहू ने कहा कि महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब आम जनता को पेट्रोल-डीजल नहीं मिल रहा, तब सरकारी वाहनों के लिए ईंधन कहां से आ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द स्थिति नहीं सुधरी तो कांग्रेस प्रदेशभर में उग्र आंदोलन करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि पेट्रोल डीजल की किल्लत से आम जनता, किसान, व्यापारी सभी परेशान हैं।

# रेत का अवैध परिवहन करते खनिज विभाग ने चार ट्रैक्टर जब्त किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महानदी में अवैध रेत खनन मिली शिकायत में खनिज विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम करेलीबड़ी एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान रेत का अवैध परिवहन करते हुए 4 ट्रैक्टर वाहनों को जब्त किया गया है।

खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जब्त वाहनों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957





तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के तहत अर्थदण्ड अधिरोपित कर वसूली की कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने बताया कि पूर्व में भी ग्राम करेलीबड़ी एवं आसपास के क्षेत्रों में खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के 3 प्रकरणों में कार्रवाई करते ▸▸ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप



### सिवनीकला समिति के प्रबंधक की शीघ्र बहाली की मांग

**पुरी।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति सिवनीकला के प्रबंधक ओमप्रकाश साहू पिछले लगभग छह माह से निलंबित हैं। जानकारी के अनुसार धान खरीदी वर्ष 2025-26 के दौरान एक किसान की शासकीय विद्युत तार की चपेट में आने से आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद संस्था द्वारा 26 नवंबर 2025 को ओमप्रकाश साहू को निलंबित कर दिया गया। लंबे समय से निलंबन जारी रहने और आधा वेतन मिलने के कारण उनके सामने आजीविका चलाने की समस्या उत्पन्न हो रही है। बहाली की मांग को लेकर ओमप्रकाश साहू ने सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला धमतरी को आवेदन दिया है। संघ ने उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं धमतरी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र बहाली की मांग की है। यह जानकारी जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने दी।

### यश जैन बने भाजपा युवा मोर्चा नगरी मंडल के महामंत्री

**नगरी।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नगरी मंडल में संगठनात्मक विस्तार के तहत यश जैन को मंडल महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके मनोनयन से युवा कार्यकर्ताओं में



उत्साह का माहौल है। महामंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने पर यश ने विशेष रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शुभम जायसवाल, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष शुभांक मिश्रा, भाजपा नगरी मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास जैन सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार माना। इस अवसर पर यश ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। वे पूरी निष्ठा, समर्पण और ऊर्जा के साथ संगठन को मजबूत बनाने तथा युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने के लिए लगातार कार्य करेंगे।

# दलहन-तिलहन फसल : जिले में चना उपार्जन कार्य अंतिम चरण पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में समर्थन मूल्य पर चना उपार्जन का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। जिला प्रशासन एवं विपणन संघ के समन्वित प्रयास से खरीदे गए चने का सुरक्षित भंडारण वेयरहाउसों में कराया जा चुका है तथा किसानों को भुगतान की प्रक्रिया भी लगभग पूर्ण हो चुकी है। वर्तमान में केवल 104 मीट्रिक टन चना का परिवहन कार्य शेष है, जिसे शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

जिले में इस वर्ष कुल 9 हजार 103 किसानों से 1 लाख 16 हजार 162 मीट्रिक टन चना समर्थन मूल्य पर खरीदा गया है। इनमें से 1 लाख 16 हजार 58 मीट्रिक टन चना का परिवहन पूर्ण हो चुका है। खरीदी के एवज में 8 हजार 517 किसानों को 63.38 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। तरसींवा, लोहरसी, कुरूद, भखारा, कातलबोड़, छाती, संबलपुर, मगरलोड, नगरी, बोरसी एवं सलोनी उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से यह कार्य सफलतापूर्वक हुआ। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में हुई कुल चना खरीदी का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अकेले धमतरी जिले से प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि जिले के किसानों की सक्रिय भागीदारी, दलहन उत्पादन के प्रति बढ़ती रुचि तथा कृषि एवं सहकारिता विभाग के प्रभावी मार्गदर्शन का परिणाम है। चना उत्पादन एवं उपार्जन के क्षेत्र में धमतरी ने राज्य स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है।

## प्रदेश की 40 प्रतिशत से अधिक खरीदी धमतरी से

### सभी के प्रयास का परिणाम

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि धमतरी जिले में समर्थन मूल्य पर चना उपार्जन कार्य को पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपादित किया गया है। किसानों से खरीदे गए चने का सुरक्षित भंडारण तथा भुगतान की प्रक्रिया लगभग पूर्ण हो चुकी है। प्रदेश की कुल चना खरीदी में धमतरी जिले का 40 प्रतिशत से अधिक योगदान जिले के किसानों की मेहनत, कृषि विभाग के मार्गदर्शन और प्रशासनिक समन्वय का परिणाम है।



### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि धमतरी जैसे जिलों में चना सहित दलहनी फसलों की बढ़ती खेती और शासन की प्रोत्साहनकारी योजनाएं किसानों को परंपरागत खेती से आगे बढ़कर अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ कृषि मॉडल अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी। इससे कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी।

10 गांवों का सघन दौरा कर समस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

# बिना स्वागत-सत्कार और मंचीय औपचारिकता के ग्रामीणों के बीच पहुंचे विधायक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद





### अंत्योदय से राष्ट्रोदय का संकल्प : अजय

विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। योजनाओं का लाभ आज समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंच रहा है, जिससे लाखों परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

### लाभार्थियों से सीधा संवाद, युवाओं को करियर मंत्र

दौरे के दौरान विधायक ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। इसके साथ ही ग्राम मोंगरा, कोकड़ी और बानगर में उन्होंने युवाओं से विशेष चर्चा की। श्री चंद्राकर ने युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और स्वरोजगार की संभावनाओं के संबंध में बहुमूल्य मार्गदर्शन देते हुए उन्हें लक्ष्य केंद्रित बनने का संदेश दिया।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में चलाए जा रहे मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल जनसंपर्क अभियान के तहत कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों का धुआंधार दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम भेंडरा, चरोटा, इर्रा, लोहारपथरा, सिरसिदा, गुदगुदा, चारभाठा, मोंगरा, कोकड़ी और बानगर में व्यापक जनसंपर्क कर केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाई।

इस जनसंपर्क अभियान की खास बात यह रही कि विधायक श्री चंद्राकर ने किसी भी गांव में कोई स्वागत-सत्कार स्वीकार नहीं किया। बिना किसी मंचीय औपचारिकता के वे सीधे चौपालों पर ग्रामीणों के बीच बैठे और उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। कई स्थानों पर उन्होंने मौके से ही संबंधित अधिकारियों को फोन करके और मैदानी कर्मचारियों को जनता की शिकायतों के त्वरित निराकरण के दिशा-निर्देश दिए। श्री चंद्राकर ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल योजनाओं की घोषणा करना नहीं, बल्कि धरातल पर उनकी प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित करना भी है।

इस व्यापक जनसंपर्क अभियान के दौरान जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद सभापति आनंद यदु, जनपद सदस्य कुलेश्वरी साहू, शकुंतला देवांगन, रेखा साहू सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी,कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# विशिष्ट सेवाओं के लिए मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज तहसील नगरी द्वारा श्री बुढ़ादेव मंदिर परिसर में आयोजित कार्यकारिणी बैठक के दौरान उपक्षेत्र डोंगरडुला को सम्मानित किया गया। समाज के प्रति समर्पित सेवाओं तथा रोजगार के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने उपक्षेत्रिय अध्यक्ष चिंताराम मण्डावी के नेतृत्व में उपक्षेत्र के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयास समाज के युवाओं को आत्मनिर्भरता एवं रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। ज्ञात हो कि उपक्षेत्र डोंगरडुला ने युवाओं को एलईडी बल्ब निर्माण, दोना पत्तल, चाकलेट तथा फर्नीचर का प्रशिक्षण देकर समाज के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मौके पर तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र ध्रुव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोरी, कोषाध्यक्ष सुरेश ध्रुव, महासचिव नरेश छेदैहा, सहसचिव पुरन नेताम, वित्त सचिव मानिक नेताम, अंकेक्षक टीकम गंगेश, संचालक अर्जुन मरकाम, अशोक ध्रुव, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र राज ध्रुव, उपक्षेत्रीय अध्यक्ष कैलाश मरई, नारद ध्रुव, रामस्वरूप सामरथ, हीरालाल पड़ोटी, रामजी मरकाम, हीरा मरकाम, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नरसिंह मरकाम, उपाध्यक्ष संतोष नेताम, कांता कुंजाम, टामेश नेताम, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शैल्य नेताम, शशिकला ध्रुव, मीना देवी शांडिल्य, दुर्गा बाई मरकाम सहित अन्य उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान ग्राम पंचायत मुरा में रोपे गए पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत मुरा द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी मां के नाम पौधरोपण किया। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। ग्राम पंचायत द्वारा लगाए गए प्रत्येक पौधे की सुरक्षा एवं देखरेख की जिम्मेदारी भी ली गई।

## अंचल की खबरें

### अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा जरूर लगाएं



**धमतरी।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित धमतरी के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सोरिद स्थित लिमाही तालाब परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम की सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री श्याम मंडावी, जिला महामंत्री रामखिलावन कंवर, जिला अध्यक्ष मोहन पुजारी, पूर्व पार्षद दीपक गजेंद्र सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक सार्थक प्रयास है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया गया।

### डांडेसरा में आवास एवं रोजगार दिवस मनाया गया




**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत डांडेसरा के रेलवाही तालाब कार्य पर मनरेगा योजना अंतर्गत रोजगार दिवस एवं आवास दिवस मनाया गया। रोजगार सहायक एमंत कंवर ने मजदूरों को योजना के संबंध में जानकारी दी तथा अपूर्ण आवास हितग्राही को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने के लिए कहा गया। सभी आवास हितग्राहियों तथा ग्राम के मजदूरों को अपने-अपने घरों में रैनवाटर हार्वेस्टिंग बनाकर पानी संचयन करने के बारे में बताया। ग्रामीणों को पौधरोपण के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सरपंच खुमेश्वरी साहू, उपसरपंच दामिनी चन्द्राकार, कम्प्यूटर ऑपरेटर भोलेश्वर यादव, भृत्य टिकेश्वर साहू, वार्ड पंच अरविंद साहू, शेषनारायण साहू, जालमसिंग साहू, नेहरू लाल ध्रुव, संजय कुमार जोशी, दीपक कुमार साहू, ताराबाई यादव, पूर्णिमा टंडन, कमलेश्वरी साहू, आसीन कंवर, रजनी कंवर, पूर्णिमा कंवर, देवकी जांगड़े, मेट धनेश्वरी यादव, यामिनी कंवर, हितेश साहू, ताम्रध्वज साहू, गिरेश्वर साहू उपस्थित थे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षकं मंडल-भाठागांव तहसील कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.)**

**सूचना**

प्रति,
श्री हीरालाल पि. सुकदेव साहू
791/1-उर्मिला पि. राम्हू साहू
790-आशीष पि. बंशीलाल गाँधी (जी-जामगांव)
786-प्रीति पति रामकिशोर शर्मा (नेवरा, तिल्दा)
822-लीलाराम पि. अमर सिंह
825-हीरामन पि. सुकदेव
423-सोमनाथ पि. अमर सिंह
827/1-चन्द्रलेखा जौजे गणेश राम

विषय :- सीमांकन के समय मौके पर उपस्थित रहने बाबत।

संदर्भ :- क्रमांक/1136/ तह./वा./2026 कुरुद दिनांक-25/5/2026

--000--

ग्राम मरौद प.ह.नं. 24 रा.नि.मं.-भाठागांव, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी के आवेदक हीरालाल पि. सुकदेव साहू ने अपनी भूमि खसरा नं. 824 रकबा क्र. 0.47 हे. का सीमांकन करने हेतु न्या. तहसीलदार कुरूद को आवेदन किया गया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 16/6/2026 (पूर्वान्ह 8.30 बजे) को किया जाना नियत है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ नियत समय पर मौके पर उपस्थित रहे। उपस्थिति नहीं होने की दशा में एवं बाद में की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक भाठागांव**
**तहसील-करूद**

**न्यायालय में उपस्थिति के लिए समंस आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रकिया संहिता के अंतर्गत )**
**न्यायालय श्रीमान व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कुरूद, जिला धमतरी (छ. ग.)**

सेवाराम साहू ...वादी

बनाम

आम जनता वगैरह ..प्रतिवादीगण
व्य. वा. क्र. 112 अ / 2026, पेशी दिनांक 10/07/2026
प्रो.क्र. 1039/2026

**प्रति,**
**आम जनता वगैरह,**

चूंकि वादी के द्वारा आप प्रतिवादी आम जनता वगैरह के विरूध्द ग्राम गाडाडीह, प.ह.न. 11, तहसील, मगरलोड, जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित खाता क्रमांक 56 ऋण पुस्तिका क्रमांक 1205238 के कृषि भूमि खसरा नम्बर क्रमशः 61/1, 516 रकबा 0.1400, 0.0200 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.1600 हे. राजस्व अभिलेख में गुरूसेवक पिता सरजू राम के नाम पर हल्का पटवारी द्वारा त्रुटिवश इन्द्राज कर दिया गया है। जबकि वादी का वास्तविक नाम सेवाराम साहू पिता सरजू राम है, जिस कारण वादी कृषि में तरक्की हेतु खाद-बीज तथा छ.ग. शासन से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित होने के संदर्भ को लेकर इस न्यायालय में गुरूसेवक एवं सेवा राम साहू दोनो एक ही व्यक्ति के नाम है, तथा राजस्व अभिलेख गुरूसेवक को विलोपित कर सेवा राम साहू दर्ज करने की घोषणा का वाद संस्थित किया है, इस कारण आम जनता वगैरह जिसको आपत्ति हो, इस न्यायालय में दिनांक 10/07/2026 को सुबह 11:00 बजे दावा का उत्तर देने उपस्थित होने के लिए समंस जारी किया जाता है। आप आम जनता वगैरह इस न्यायालय में स्वयं या ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो जिसे तत्संबंध मे अनुदेश दिये गये हो, जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके।

अतः आप आमजनता वगैरह / प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि, यदि आप उपर वर्णित की गई तारीख को इस न्यायालय मे उपस्थित नही होगें तो, वाद की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति मे किया जावेगा, पेशी तारीख में अवकाश घोषित होने पर प्रकरण आगामी कार्य दिवस पर लिया जावेगा।

आज दिनांक / / 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

**(रजत कुमार निराला)**
मुहर **व्यवहार न्यायाधीश/वरिष्ठ श्रेणी कुरूद**
**जिला-धमतरी (छ.ग.)**

# खेल से बच्चों में आत्मविश्वास एवं आत्मरक्षा के गुणों का विकास





- बोराई में कूडो मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोराई में आयोजित जिलास्तरीय 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कूडो मार्शल आर्ट खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। मौके पर बोराई सरपंच माखनलाल सलाम, लिखमा की सरपंच राधाबाई, जनपद सदस्य सोनराज वट्टी, वरिष्ठ ग्रामीण झाड़ूराम कंचन, जगन्नाथ झंकार तथा सुखनाथ नेताम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी रूद्री से आए जेपी देव एवं उनके सहयोगियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं टी-शर्ट वितरित कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने बच्चों के अनुशासन, उत्साह एवं खेल प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर अभ्यास कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

वक्ताओं ने कहा कि कूडो मार्शल आर्ट जैसे खेल बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, शारीरिक क्षमता एवं आत्मरक्षा के गुणों का विकास करते हैं। उन्होंने इस खेल को ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने के लिए विभागीय अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में कोच रघुनाथ नेताम के योगदान की सराहना की गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों को भविष्य में खेल कोटा सहित विभिन्न अवसर प्राप्त हो सकते हैं, जिससे वे शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में भी आगे बढ़ सकेंगे।

# राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

- दर्रा में खेल शिविर का समापन, योगा, हैंडबॉल, बास्केटबॉल का मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन 9 मई से 8 जून तक किया गया। इस दौरान योगा, हैंडबॉल, बास्केटबॉल का प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी एवं सहायक खेल अधिकारी जेपी देव के मार्गदर्शन में 30 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन 9 जून को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच विजय रात्रे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर साहू ने की। एसएमडीसी के सदस्य अमित कुमार साहू एवं गिरीश साहू भी उपस्थित थे। अपने उद्बोधन में प्राचार्य भानु राम रात्रे ने कहा कि ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का उद्देश्य मानसिक एकाग्रता और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता लाना है। खेल शिक्षक राजकुमार साहू ने बताया कि खेल शिविर के माध्यम से खिलाड़ियों को खेल की बारीकी को सीखने का अवसर मिलता है। इससे खिलाड़ी जिला से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक का प्रतिनिधित्व करते हैं। समापन अवसर पर राष्ट्रीय योगा ओलंपियाड में चयनित छात्रा हिमांशी साहू पिता एसकुमार साहू को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता 15 से 18 जून तक दिल्ली में होगी। विद्यालय के छात्र द्रोण कुमार एवं युवराज साहू को भी राष्ट्रीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता उज्जैन में खेलकर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अतिथियों द्वारा प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य बीआर रात्रे ने आभार व्यक्त किया।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### आमागुहान मेले में नौका झूले का होगा आकर्षण

**दुर्गुकोंदल।** क्षेत्र के प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक आमागुहान मेला का आयोजन 13 एवं 14 जून को किया जाएगा। मेले को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और आयोजन समिति द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की सुविधा के लिए सुरक्षा, पेयजल, पार्किंग एवं स्वच्छता की व्यवस्था की जा रही है। ग्राम गायता रमेश देहारी ने बताया कि आमागुहान मेला क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान का हिस्सा है। उप सरपंच बीरेंद्र देहारी ने कहा कि नई व्यवस्थाओं और इस वर्ष मेले में पहले से अधिक भीड़ पहुंचने की संभावना है।

### नवीन शिक्षा सत्र को लेकर रूपरेखा तैयार

**दुर्गुकोंदल।** नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 एवं शाला प्रवेश उत्सव की तैयारियों को लेकर बीआरसी कार्यालय दुर्गुकोंदल में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों की साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, शौचालय व्यवस्था, गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक वितरण सहित शाला प्रवेश उत्सव को उत्साहपूर्वक मनाने के निर्देश दिए गए। पाठ्यपुस्तक वितरण के बाद सभी विद्यालयों में पुस्तक कवर तिहार मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में 16 जून से पाठ योजना तैयार करने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कालखंड निर्धारित करने, प्रेयर टुगेदर, माता सम्मान कार्यक्रम तथा डोर-टू-डोर सर्वे के माध्यम से प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने पर बल दिया गया।

### प्राक्चयन परीक्षा का संशोधित उत्तर जारी

**कांकेर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं (सत्र 2026-27) में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का मॉडल आंसर जारी किया गया था, जिसमें संशोधन किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि यह परीक्षा 10 मई 2026 (रविवार) को आयोजित की गई थी और 20 मई को मॉडल आंसर जारी किया गया था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सागौन की तस्करी : डबरी, नदी में छिपाया स्लीपर

पर सर्च वारंट जारी हुआ था। सर्च वारंट से पहले ही आरोपियों ने कार्रवाई से बचने के लिए सागौन स्लीपरों, बीजा स्लीपर, हाथ आरा आदि को घर से निकालकर बाड़ी में गड्ढा कर, डबरी, नदी किनारे छिपा दिया था। वन विभाग ने इन सामग्रियों को जब्त कर लिया है। सातों आरोपी फरार हैं। वन विभाग वैधानिक कार्रवाई में जुटा है।

### जिले में गहराया पेट्रोल-डीजल संकट

व्यापारिक वर्ग की चिंता बढ़ गई है। कुछ पंप संचालकों ने देर रात तक आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद जताई है, लेकिन फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

### रेत का अवैध परिवहन करते खनिज विभाग ने चार ट्रैक्टर जब्त किए

हुए 32 हजार 430 रुपये का अर्थदण्ड वसूल कर शासन के खनिज मद में जमा कराया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 28 मई तक जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के कुल 108 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 29 लाख 51 हजार 560 रुपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया है। उक्त राशि शासन के खनिज मद में जमा कराते हुए प्रकरणों का प्रशमन किया गया है। खनिज विभाग ने बताया कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए विभागीय उड़नदस्ता दल द्वारा नियमित रूप से निगरानी एवं प्रवर्तन की कार्रवाई की जा रही है। अवैध खनिज गतिविधियों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# भारतमाता चौक परिसर, केनाल रोड में चला स्वच्छता अभियान

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के कार्यक्रम हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 10 जून को नगर पालिका परिषद कुरूद द्वारा विभिन्न जनहितैषी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर के नेतृत्व में भारत माता चौक परिसर, केनाल रोड में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा स्वामी विवेकानंद मंगल भवन में स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता किट वितरित की गई।

स्वामी विवेकानंद मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम में नगर के स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता किट प्रदान कर उनके योगदान का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप देकर स्वस्थ भारत की कल्पना को साकार किया है। स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि नागरिकों की जिम्मेदारी भी है, जिसे सभी को मिलकर निभाना चाहिए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका कर्मचारियों और नागरिकों ने सहभागिता करते हुए स्वच्छ एवं विकसित भारत के संकल्प को दोहराया।



### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के लिए देशवासियों को प्रेरित कर रहे हैं तथा प्रत्येक नागरिक को इस अभियान से जुड़ना चाहिए।



कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, सभापति मिथिलेश बैस, महेंद्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, मनीष साहू, रवि मानिकपुरी, कविता चंद्राकर, गणमान्य नागरिक अनुराधा साहू, पूर्व पार्षद विनोद चंद्राकर, मालकराम साहू, प्रभात बैस, प्रकाश ढीवर, संतोष बैस, गोकुल साहू, यतीश चंद्राकर, किशोर यादव, शरद पंडा, सूरज देवांगन, प्रवीण शर्मा, राजकुमार साहू, संतोष साहू, महेश साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेंद्र गुप्ता तथा नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

## समाधान शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़, मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग

# वन विभाग के जवाब से असंतुष्ट 6 पंचायतों के ग्रामीणों ने किया शिविर का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम सांकरा में बुधवार को सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सांकरा क्लस्टर की 23 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में अपनी विभिन्न समस्याओं, मांगों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पुल-पुलिया, पेयजल, बिजली, राशन कार्ड, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, राजस्व प्रकरण, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

सांकरा, खम्हरिया, हिंछापुर, रानीगांव, मल्हारी, उमरगांव, ठेन्ही, नवागांव (सां.), मौहाबाहरा, मेचका, बेलरबाहरा, रिसगांव, खल्लारी, करही, फरसियां, भैंसामुड़ा, छिपली, सम्बलपुर, मोदे, अमाली, गोरेगांव, भोथली एवं बोड़रा सहित विभिन्न पंचायतों के लोग शिविर में पहुंचे। शिविर में कुल 1297 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 1279 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि 18 शेष आवेदन लंबित रहे।

सांकरा के सरपंच ने मूलभूत विकास कार्यों से संबंधित मांग पत्र सौंपा। गोरेगांव के सरपंच कन्हैया नाग ने जर्जर हो चुके आंगनबाड़ी भवन गोरेगांव के स्थान पर नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण एवं नाली निर्माण की मांग कई बार रखी। सरपंच केशव टेकाम ने वन विभाग के पुराने एवं अनुपयोगी भवनों को डिस्मेंटल किए जाने की मांग दोहराई। सरपंच शत्रुधन ने माध्यमिक शाला परिसर के बीच वर्षों से बंद पड़े मोबाइल टॉवर को हटाने तथा गांव के जर्जर भवनों को ध्वस्त किए जाने की मांग उठाई। सरपंच संत नेताम ने मुक्तिधाम मार्ग पर पुल निर्माण की आवश्यकता बताई। सरपंच अजना धुव ने ट्रासफार्म बदलने की मांग की। सरपंच नगीना सोम ने नए आंगन बाड़ी भवन की मांग की। ग्राम सेवक की शिकायत की।

शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य शशि धुव, राजू गोसाई, जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी, जिला पंचायत सभापति अजय धुव, रवि दुबे का नाम जोड़ देना एसडीएम प्रीति दुर्गम, नायब तहसीलदार विवेक चंद्राकर, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

शिविर में ग्रामीणों की भारी उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि क्षेत्र में आज भी सड़क, पुल-पुलिया, पेयजल, शिक्षा एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से बनी हुई हैं, जिनके स्थायी समाधान की अपेक्षा ग्रामीण प्रशासन एवं संबंधित विभागों से कर रहे हैं। अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के बीच भी बहस हुई। एसडीएम ने शांत कराया।

## विकास कार्यों से संबंधित मांग पत्र सौंपा



### वन विभाग की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी

इस दौरान रिसगांव, खल्लारी, करही, मेचका, बेलरबाहरा, ठेन्ही एवं फरसियां पंचायत के ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों का आरोप था कि वन विभाग के अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं का समाधान नहीं दिया जा रहा है तथा विभिन्न विकास कार्यों पर लगातार आपत्तियां लगाई जाती हैं, जिससे क्षेत्र में कई जरूरी कार्य अधूरे पड़े हुए हैं। विभागीय अधिकारी उनकी मांगों पर गोलमोल जवाब देते हैं और समस्याओं के समाधान के लिए ठोस पहल नहीं की जाती। सीतानदी अभ्यारण्य क्षेत्र के रेंजर द्वारा गांव के जनप्रतिनिधि से दुर्व्यवहार किया गया। जातिगत बहस हुई। इससे नाराज होकर छह पंचायतों के ग्रामीणों ने शिविर का बहिष्कार करते हुए कुछ देर बाद वापस लौट गए।

### कार्यों की नहीं दिख रही प्रगति

कार्यक्रम में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि पिछले वर्ष वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्र की जर्जर सड़कों पर मुरूम डालने तथा छोटे-छोटे पुल-पुलियों की स्वीकृति देने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक इन कार्यों पर कोई प्रगति दिखाई नहीं दी। यदि वन क्षेत्रों में सड़क और पुल-पुलिया जैसी आधारभूत सुविधाएं नहीं होंगी तो वन विभाग के कर्मचारी भी वन्यजीवों की सुरक्षा एवं निगरानी के लिए प्रभावी ढंग से कार्य नहीं कर पाएंगे।

## बिजनेस साइट

### हवाई टावर, टोरा-टोरा, ब्रेक डांस, ड्रेगन झूला, भूत बंगला बने आकर्षण का केंद्र





■ धमतरी में डिज्नीलैंड मीना बाजार का आगाज, तीन माह तक मिलेगा भरपूर मनोरंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गर्मी के मौसम में लोगों को मनोरंजन का बेहतर विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शहर के गौशाला मैदान में डिज्नीलैंड फनफेयर मीना बाजार का शुभारंभ किया गया है। 1 जून से शुरू हुआ यह मीना बाजार आगामी तीन माह तक संचालित होगा। रोजाना शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक यहां लोगों की भीड़ उमड़ रही है। बच्चों से लेकर युवा और परिवारों के लिए यहां विभिन्न प्रकार के मनोरंजन के साधन उपलब्ध कराए गए हैं।

मीना बाजार के संचालक सुधीरकांत सिन्हा ने बताया कि इस बार लोगों के आकर्षण को ध्यान में रखते हुए झूलों और मनोरंजन साधनों की संख्या बढ़ाई गई है। यहां हवाई टावर, टोरा-टोरा, ब्रेक डांस, ड्रेगन झूला, भूत बंगला और जोन स्टार झूला जैसे बड़े आकर्षण लगाए गए हैं। वहीं बच्चों के लिए मिक्की माउस, जम्पिंग झूला, मेरी गो राउंड और वाटर बोट जैसी विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

मनोरंजन के साथ-साथ लोगों के खान-पान का भी विशेष ध्यान रखा गया है। मीना बाजार परिसर में भेलपुरी सहित विभिन्न प्रकार के फास्ट फूड और खान-पान के स्टॉल लगाए गए हैं। इसके अलावा घरेलू उपयोग और सजावटी सामानों की कई दुकानें भी लोगों को आकर्षित कर रही हैं।

सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा सुरक्षा गार्डों की तैनाती की गई है। आयोजकों का कहना है कि परिवारों को सुरक्षित और बेहतर माहौल उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। शाम होते ही मीना बाजार रंग-बिरंगी रोशनी और झूलों की आवाज से गुलजार हो रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर मनोरंजन का आनंद ले रहे हैं।

# पीएम मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर हुई पूजा-अर्चना



■ कार्यकर्ताओं ने उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्र की निरंतर उन्नति की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी भखारा द्वारा शिव मंदिर पुलिस थाना के पास भखारा में विशेष पूजा-अर्चना एवं प्रार्थना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं राष्ट्र की निरंतर उन्नति की कामना की गई।

भगवान भोलेनाथ का विधिवत पूजन कर प्रार्थना की गई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रहित, जनकल्याण एवं भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प के साथ निरंतर कार्य करते रहें तथा सनातन संस्कृति, भारतीय परंपराओं और राष्ट्र गौरव के संरक्षण एवं संवर्धन का यह अभियान निरंतर आगे बढ़ता रहे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित 12 वर्षों की उपलब्धियों को स्मरण करते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की।

मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू, सभापति दीनानाथ साहू, श्रीमती अंजू साहू, पार्षद रामकृष्ण नेताम, परदेसी कंवर, गौतमी पटेल, नंदनी सिन्हा, भूपेंद्र यादव, चक्र सुदर्शन, विजय साहू, धनेश साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नगर पंचायत की नवीन सभा कक्ष का लोकार्पण






हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत नगरी के प्रथम तल पर लगभग 16 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन सभा कक्ष का लोकार्पण नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा ने किया। भगवान गणेश जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर सभा कक्ष का शुभारंभ किया।

इसके बाद नगर पंचायत की सामान्य परिषद बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में कुल 8 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इनमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत नगरी को नगर पालिका का दर्जा दिलाने हेतु प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में स्वच्छता को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। जिला स्वच्छता निरीक्षक साहू ने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए आवश्यक सुझाव दिए तथा शासन की नवीन स्वच्छता गाइडलाइन की जानकारी दी। साथ ही नगर में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई एवं उनकी प्रगति पर चर्चा की गई। परिषद की बैठक में लंबित पेंशन प्रकरणों तथा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के पात्र हितग्राहियों के प्रकरणों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। जनप्रतिनिधियों ने नगर के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया।

बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, सभापति अश्वनी निषाद, पार्षद शंकर देव, विनीता कोठारी, अलका साव, पार्षद राजा पवार, देवचरण ध्रुव, डागेश्वरी साहू, यश करण पटेल, हरीश साहू सहित नगर पंचायत के सीएमओ यशवंत वर्मा, इंजीनियर परमेश ध्रुव, राजस्व प्रभारी राजेंद्र साहू, लिपिक गणेश प्रजापति, स्वच्छता निरीक्षक दुर्गेश साहू उपस्थित थे। इस अवसर पर बलजीत छाबड़ा ने कहा कि नवीन सभा कक्ष नगर पंचायत नगरी के विकास एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसी सभा कक्ष में नगर हित के विभिन्न विषयों पर सामूहिक रूप से चर्चा कर विकास की नई योजनाओं को गति प्रदान की जाएगी। जिसकी शुरुआत विभिन्न विकास कार्यों एवं नगरी को नगरपालिका बनाने की सहमति देकर कर दी गई है।

# मरणोपरांत देहदान का संकल्प लेकर राजेश बने प्रेरणास्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम मुजगहन निवासी एवं शासकीय सेवक राजेश तिवारी ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लेकर समाज के सामने प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।



उन्होंने मृत्यु के बाद अपने शरीर को चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए दान करने का निर्णय लिया है। उन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय (मेकाहारा) रायपुर के शरीर रचना विज्ञान विभाग में विधिवत घोषणा पत्र जमा कराया है। राजेश तिवारी वर्तमान में महानदी शीर्ष प्रबंधन उप संभाग-1 रुद्री में सहायक फोरमैन के पद पर कार्यरत हैं। उनके पुत्र मयंक तिवारी ने मुख्य जिम्मेदार रिश्तेदार के रूप में हस्ताक्षर किए, वहीं अंजना तिवारी एवं डुमन लाल ध्रुव ने साक्षी के रूप में समर्थन दिया। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार देहदान चिकित्सा विज्ञान के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। इससे मेडिकल छात्र एवं शोधकर्ता मानव शरीर की संरचना को व्यावहारिक रूप से समझ पाते हैं और चिकित्सा अनुसंधान को नई दिशा मिलती है। इस पहल की जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने सराहना करते हुए कहा कि श्री तिवारी का यह कदम मानव सेवा और सामाजिक जागरूकता की मिसाल है।

# कबीर ब्रह्मचारिणी आश्रम हथबंद में रोपे गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम हथबंद स्थित कबीर ब्रह्मचारिणी आश्रम में पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर छायादार एवं उपयोगी प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। गुलमोहर, काजू, बादाम, पाम, लक्ष्मी तरु, अशोक के पौधे रोपे गए। मौके पर ब्रह्मचारिणी आश्रम से सानिध्य साहेब, पदमा साहेब, सेवती साहेब, राम प्रकाश साह सरपंच, श्रीमती हुलसी साहू पूर्व सरपंच, श्रीमती त्रिवेणी साहू पंच, लेखराम निषाद ग्राम सेवक, कबीर आश्रम समिति अध्यक्ष गिरवर साहू, सचिव यशवंत साहू, समिति सदस्य थनेंद्र साहू, हेमंत साहू, दुखुराम साहू, जगदीश साहू, घनाराम साहू, गिरधारी साहू, इंद्र देवांगन, दुलेश्वर, खुशहाल, छोटेलाल, जीतू, कुमारी बाई सहित अन्य ग्रामवासियों ने एक-एक पौधा लगाया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष ही जीवन है और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली बचाना हम सबका कर्तव्य है। सभी ने पौधों की देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प लिया।



### बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य के लिए हुआ भूमिपूजन

**नगरी।** संकट मोचन हनुमान मंदिर बांधातालाब के पास अहाता (बाउंड्रीवाल) निर्माण कार्य का भूमिपूजन मंदिर परिसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, सरपंच लिकेश्वरी पोटाई , उपसरपंच घेवर चंद साहू ,ग्राम पटेल मनहरण साहू द्वारा किया गया।



## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प सम्मेलन 13 जून को

**धमतरी**। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा 13 जून को सभागार बैठक एवं विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन अग्रसेन भवन में दोपहर 3 बजे से होगा। विकसित भारत संकल्प सम्मेलन के संयोजक अकबर कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को विकसित भारत अभियान से जोड़ना है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला महामंत्री महेंद्र पंडित और राकेश साहू ने जिलेवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### यूथ विंग जिलाध्यक्ष आप सांसद से मिले, जिले की राजनीति पर चर्चा



**अंवरी**। आम आदमी पार्टी का छत्तीसगढ़ में प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शहीद स्मारक भवन रायपुर में हुआ। इस दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस राज्य में भाजपा और कांग्रेस का शासन लगातार रहता है, उस राज्य में आम आदमी पार्टी के आने की पूर्ण संभावना होती है। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ के पूरे 90 विधानसभा में चुनाव लड़ेगी। छत्तीसगढ़ में संगठन को विस्तार करने 10 जून से प्रदेश के पूरे 90 विधानसभा में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। ललित नगारची यूथ विंग जिलाध्यक्ष धमतरी ने सांसद से चर्चा कर धमतरी जिले के कुरुद, सिहावा, धमतरी तीनों विधानसभा की गतिविधियों के बारे में बताया कि हर विधानसभा को पांच ब्लॉक में बांटा गया है। ब्लाक अध्यक्ष, ब्लाक संगठन मंत्री, ब्लाक सचिव की नियुक्ति हर विधानसभा में हो चुकी है। 15 जून को जिले के सभी विधानसभा में बैठक होगी। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी मुकेश अहलावत मुख्य रूप से सभी विधानसभा में उपस्थित रहेंगे।

### सड़क हादसे में घायल युवक की हुई मौत

**कांकेर**। थानांतर्गत भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पेवारी पुलिया के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक रावघाट थानांतर्गत कोलर निवासी 22 वर्षीय चंद्रपाल बघेल पिता अनिल सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए नारायणपुर के जिला अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### अधेड़ की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर**। पखांजुर थानांतर्गत सिविल अस्पताल में इलाज के लिए लेकर गए छोटेबेठिया थानांतर्गत तोड़हुर निवासी 47 वर्षीय दशराम एक्का पिता फिलमोन का 8 जून को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पखांजुर पुलिस को बताया गया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई। पखांजुर पुलिस द्वारा शून्य में मर्ग कायम किया।

### शासकीय संगीत महाविद्यालय में बीपीए कोर्स शुरू

**जगदलपुर**। नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय जगदलपुर में 4 वर्षीय बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। संचालन की व्यवस्था शासकीय दंतेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय में की गई है। पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। कोर्स में प्रवेश के लिए आयु की कोई सीमा नहीं है तथा कक्षा 12वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रवेश प्राप्त कर सकता है। पाठ्यक्रम की वार्षिक फीस 1700 रुपये निर्धारित है। विगत दिनों कुलपति डॉ. लवली शर्मा इंदिरा कला संगीत विवि खैरागढ़ ने निरीक्षण कर छात्र छात्राओं से मुलाकात की थी।

# सुरक्षा कारणों से जिलेभर के बैंकों का पुलिस ने किया सघन निरीक्षण

- बैंक सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पुलिस की बड़ी पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पुलिस ने जिले भर के बैंकों का सघन व औचक निरीक्षण कर प्रबंधकों एवं कर्मचारियों से चर्चा कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एसपी सूरजसिंह परिहार के निर्देशन में जिलेभर में विशेष बैंक सुरक्षा निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान बैंक परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, कैमरों की कवरेज क्षमता, अलार्म सिस्टम, सुरक्षा गार्डों की उपलब्धता एवं सतर्कता, बैंक मुख्य प्रवेश एवं निकासी द्वार, स्ट्रांगरुम की सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, आपातकालीन सुरक्षा प्रबंध तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा मानकों का बारीकी से परीक्षण किया गया।




इस दौरान बैंक प्रबंधकों से चर्चा कर सुरक्षा की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। बैंक परिसर में आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखने, नकदी के सुरक्षित परिवहन, सीसीटीवी कैमरों के सुरक्षित रखरखाव, सुरक्षा उपकरणों का सदैव क्रियाशील रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल निकटतम पुलिस थाना को देने के लिए कहा गया है। पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक कर्मचारियों एवं सुरक्षा गार्डों को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति अथवा आपराधिक घटना की आशंका होने पर तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त करने तथा सुरक्षा प्रोटोकाल की पूरी तरह से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। पुलिस द्वारा बैंकों, एटीएम केंद्रों एवं अन्य महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाया जाता है। इसी क्रम में यह विशेष अभियान चलाकर जिले में संचालित राष्ट्रीयकृत बैंकों एवं निजी बैंक शाखाओं का भौतिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया।

## जिले की लाखों महिलाओं को हर माह मिल रही आर्थिक सहायता

# ई-केवाईसी अभियान से महतारी वंदन योजना होगी और मजबूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

**च्वाइस सेंटरों में सरल प्रक्रिया से हो रहा सत्यापन**

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जिले में इस योजना के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाओं को हर माह आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। अब योजना को और अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने के लिए ई-केवाईसी सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है, जिससे पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके।

महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार जिले में 2 लाख 27 हजार से अधिक महिलाएं इस योजना का लाभ ले रही हैं। प्रत्येक हितग्राही महिला के खाते में प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि सीधे ट्रांसफर की जा रही है। विभाग द्वारा महिलाओं से समय रहते ई-केवाईसी पूरा कराने की अपील की जा रही है, ताकि राशि प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

ई-केवाईसी की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए जिले के विभिन्न च्वाइस सेंटरों एवं संबंधित केंद्रों में व्यवस्था की गई है। महिलाएं आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ पहुंचकर आसानी से सत्यापन करा रही हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी करते हुए हितग्राहियों से संपर्क भी किया जा रहा है। कई स्थानों पर नाम या दस्तावेजों में त्रुटियों को भी सुधारा जा रहा है, जिससे महिलाओं को योजना का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे। अधिकारियों का कहना है कि जिन हितग्राहियों के दस्तावेजों में तकनीकी त्रुटियां हैं, उन्हें भी सुधार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।




**महतारी वंदन योजना की प्रमुख बातें**

- जिले की 2.27 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित
- हर माह एक हजार रुपए की सहायता राशि
- सीधे बैंक खाते में राशि ट्रांसफर
- ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क
- च्वाइस सेंटरों में उपलब्ध सुविधा

**ई-केवाईसी के लिए जरूरी दस्तावेज**

- आधार कार्ड
- मोबाइल नंबर
- बैंक खाते की जानकारी
- आधार से लिंक मोबाइल
- आवश्यक पहचान दस्तावेज

### नए हितग्राहियों को भी योजना से जोड़ने की मांग

महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में उत्साह बना हुआ है। जिले में कई ऐसी महिलाएं भी हैं जो भविष्य में योजना से जुड़ने की उम्मीद लगाए हुए हैं। शादी के बाद पात्र हुई महिलाएं तथा पूर्व में आवेदन से वंचित रह गई महिलाएं योजना का पोर्टल खुलने की प्रतीक्षा कर रही हैं। महिलाओं का कहना है कि यह योजना घरेलू जरूरतों को पूरा करने और आत्मनिर्भर बनने में सहायक साबित हो रही है। योजना से जुड़ने के बाद महिलाओं में आर्थिक आत्मविश्वास बढ़ा है तथा परिवार की छोटी-बड़ी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल रही है।

### ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से हितग्राहियों से लगातार संपर्क साधा जा रहा है। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है और इसके लिए किसी भी प्रकार का शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है। महिला एवं बाल विकास अधिकारी जगरानी एक्का ने बताया कि जिले में ई-केवाईसी अभियान को तेजी से पूरा किया जा रहा है। जिन महिलाओं का सत्यापन शेष है, उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर प्रक्रिया पूरी कराने की अपील की जा रही है।

# पूर्व सांसद ने चर्रा में 'अक्षर स्मारिका' का किया विमोचन



- संस्कृति, समाजसेवा और पत्रकारिता के योगदान पर वक्ताओं ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

ग्राम चर्रा में पत्रकार समिति के 36 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सांस्कृतिक एवं सामाजिक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के संस्थापक, संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार कृपाराम यादव के 80वें जन्मवर्ष में प्रवेश पर उनका सम्मान किया गया। उनके संपादन में प्रकाशित अक्षर स्मारिका का मुख्य अतिथि ने विमोचन किया।

मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने स्मारिका का विमोचन करते हुए कहा कि अक्षर स्मारिका ग्रामीण पत्रकारिता के संघर्ष, विचार और समाज के प्रति उसके रचनात्मक योगदान का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीज निगम के पूर्व अध्यक्ष श्याम बैस ने कहा कि यह स्मारिका समाज और संगठन को नई दिशा देने का माध्यम बनेगी। उन्होंने कृपाराम यादव के पत्रकारिता, छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण तथा रामवनगमन शोध कार्यों में योगदान की सराहना की। वरिष्ठ अधिवक्ता एलपी गोस्वामी ने श्री यादव के संघर्षपूर्ण जीवन, उनकी कर्तव्यनिष्ठा और समाजसेवा की भावना को प्रेरणादायी बताया।

समारोह में सरस्वती हाईस्कूल के अध्यक्ष देवनाथ सोनी, ठेठवार महासभा के प्रांताध्यक्ष गुलेन्द्र यादव, प्रेस क्लब के संरक्षक कृपाराम यादव, पूर्व अध्यक्ष अजय केला, पूर्व महामंत्री रवि शर्मा तथा पूर्व जनपद अध्यक्ष शारदा लोकनाथ साहू सहित अनेक वक्ताओं ने समाज, संस्कृति और पत्रकारिता की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रेस क्लब एवं ग्राम पंचायत चर्रा की ओर से अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कृष्ण सखा परिवार की ओर से अधिवक्ता प्रदीप यादव ने कृपाराम यादव को मोरपंख गुच्छ एवं राधे-कृष्ण का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन गणपति यादव तथा आभार प्रदर्शन प्रेस क्लब अध्यक्ष मूलचंद सिन्हा ने किया।

समारोह में पूर्व आरएसएस संचालक बिसराराम यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष शारदा साहू, सरपंच कमलेश्वरी ध्रुव, उपसरपंच ललिता यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# जरही माता मंदिर में पूजा कर पीएम मोदी के दीर्घायु की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा भोथली मंडल द्वारा सांकरा स्थित मां जरही माता मंदिर में विशेष हवन-पूजन का आयोजन किया गया।



भाजपा कार्यकर्ताओं ने मां जरही माता की पूजा-अर्चना कर राष्ट्र की सुख-समृद्धि, जनकल्याण तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और यशस्वी नेतृत्व की मंगलकामना की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू, भोथली मंडल महामंत्री आनन्द स्वरूप मेश्राम, मंडल उपाध्यक्ष कृपाराम साहू, जनपद सदस्य दिलीप सेन, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा बनपेला, महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती कामेश्वरी साहू, कार्यसमिति सदस्य श्रीमती नमिता साहू, सांकरा बूथ अध्यक्ष पालकेश्वर साहू सहित मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, जनकल्याण, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने का कार्य किया है।

# सोरिद कचरा सेंटर की आग पर फूटा वार्डवासियों का निगम के खिलाफ गुस्सा

- 15 दिनों से उठ रहे जहरीले धुएं के विरोध में लोगों ने रोका कचरा वाहनों का प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सोरिद स्थित कचरा संग्रहण सेंटर में पिछले 15 दिनों से लगी आग से उठ रहे जहरीले धुएं के विरोध में शुक्रवार को वार्डवासियों और कांग्रेस पार्षदों ने उग्र प्रदर्शन किया। सोरिद कॉलोनी और जोधापुर डाकबंगला वार्ड के लोगों ने कचरा सेंटर पहुंचकर नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और मुख्य गेट पर प्रदर्शन कर कचरा वाहनों का प्रवेश रोक दिया।



प्रदर्शन का नेतृत्व पार्षद सुमन मेश्राम ने किया। उन्होंने कहा कि कचरा सेंटर में लगातार धधक रही आग से हजारों परिवार प्रभावित हो रहे हैं, लेकिन निगम प्रशासन समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द आग नहीं बुझाई गई और जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने बताया कि जहरीले धुएं के कारण लोगों को आंखों में जलन, सांस लेने में तकलीफ और लगातार खांसी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन ने कहा कि वार्ड में अस्थमा, त्वचा रोग और अन्य बीमारियों के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

प्रदर्शन के दौरान वार्डवासियों ने जहरीला धुआं नहीं सहेंगे और निगम प्रशासन होश में आओ जैसे नारे लगाए। मौके पर पहुंचे निगम इंजीनियर कमलेश ठाकुर का भी लोगों ने घेराव किया।

प्रदर्शन में पार्षद योगेश लाल, सूर्यप्रभा चेटियार, शास्त्री सोनवानी, गणेश्वरी कामडे, अमित बागमारिया, रोशनी ढीमर, अग्नि बाई, साधना देवांगन, बसंता मंडावी, मोतिम मेश्राम, राजू यादव, पकलू ढीमर, केकती बाई, मिथिलेश बाई, तामेश्वरी ध्रुव, तरुणा बाई और

# सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के चालीहा अनुष्ठान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर स्थित स्वामी टेऊंराम नगर के श्री प्रेम प्रकाश आश्रम में आचार्य श्री 1008 सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के 140वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चालीहा अनुष्ठान का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ। रात्रि में आश्रम भवन को आध्यात्मिक दरबार के रूप में आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

महापर्व के प्रथम दिवस चालीसा पाठ एवं सत्संग-कीर्तन का आयोजन हुआ। सेवकराम, महेशकुमार और मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से सेवा कार्य संपन्न किया। कार्यक्रम में



प्रार्थना, गुरु प्रार्थना अष्टक, कष्ट हरण अष्टक तथा सोलह शिक्षाओं का पाठ किया गया। आश्रम प्रभारी संत लोकेशकुमार के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने स्वामी टेऊंराम चालीसा का पाठ किया। संतों ने कहा कि चालीहा अनुष्ठान केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, संयम, साधना और ईश्वर भक्ति का मार्ग है। स्वामी टेऊंराम महाराज ने तप, सेवा, प्रेम और मानवता का संदेश देकर समाज को नई दिशा दी।

## को-आपरेटिव बैंक के अध्यक्ष ने किया विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क

# मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित : निरंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ग्राम सेमरा (सी), सिलौटी, पचपेड़ी एवं सिलघट में जनसंपर्क एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए।

अपने संबोधन में निरंजन सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 से प्रत्येक वर्ष सरकार की उपलब्धियों को जनता के समक्ष प्रस्तुत करने की परंपरा स्थापित की है। भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान कर रहे हैं।






कार्यक्रम को जनपद पंचायत कुरुद की अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू एवं उपाध्यक्ष सतीश जैन ने भी संबोधित किया। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल प्रभारी आनंद यदु, मंडल अध्यक्ष रवि सिन्हा, सोसायटी अध्यक्ष भोलाराम साहू, संतोष यादव, किसान नेता चोवाराम गंजीर, लेखराम सिन्हा, सरपंच अनिल राव शिंदे, छबिलेश सिन्हा, कामता निषाद, कोर्रा बैंक के प्रबंधक महेंद्र सिंह गौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, प्रगतिशील किसान एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### योजनाओं से बदली ग्रामीण जीवन की तस्वीर

श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन, हर घर जल, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, ग्रामीण विद्युतीकरण एवं अन्य गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन आया है। सड़क, बिजली, पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होने से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है।

### सहकारिता को बताया विकास का आधार

श्री सिन्हा ने कहा कि सहकारिता केवल खाद वितरण और धान खरीदी तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि यंत्रीकरण, उद्यानिकी, भूमि सुधार और स्वरोजगार से जुड़ी ऋण योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की अपील की।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं– स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता – तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग – सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग – कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर – मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग – धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज